Website : www.prsuniv.ac.in

E-mail ID- registrar@prsuniv.ac.in

प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज, उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांकः प्रोरासिविवि/कुसका/2024– 237

दिनांकः २०, मार्च, 2024

अनुस्मारक

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उ0प्र0।

विषय : उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए नये महाविद्यालयों/संस्थानों को खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय-सारिणी के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या–407/सत्तर–2–2024 –16(11)/2017 टी0सी0 दिनांक 23.02.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से शासन द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2024–25 के लिए नये महाविद्यालयों/संस्थानों को खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय-सारिणी निर्गत की गयी है, जिसके अनुसार निरीक्षण मण्डल हेतु ऑनलाइन आवेदन किए जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 10 अप्रैल, 2024 निर्धारित है।

ऐसे समस्त सम्बन्धित महाविद्यालय जिन्हें वांछित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय से अनापत्ति प्राप्त हो चुकी है तथा वर्ष 2024–25 में सम्बद्धता प्राप्त की जानी है तथा ऐसे पूर्व संचालित महाविद्यालय जिन्हें सत्र 2023–24 तक सम्बद्धता प्राप्त थी अथवा सत्र 2023–24 में सम्बद्धता विस्तरण प्राप्त था, वह सभी महाविद्यालय उपरोक्त समय-सारिणी के अनुसार सम्बद्धता हेतु ऑनलाइन आवेदन दिनांक 10 अप्रैल, 2024 तक अनिवार्य रूप से करें।

महाविद्यालयों से यह भी अपेक्षित है कि सम्बद्धता हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन **http://henoc.upsdc.gov.in** के उपरान्त इसकी सूचना विश्वविद्यालय की ई-मेल **registraraffiliation@prsuniv.ac.in** पर प्रेषित किए जाने तथा महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करायी जाने वाली आवेदन की हार्डकापी में निरीक्षण कराए जाने हेतु दो तिथियों का भी अनिवार्यतः उल्लेख करें जिससे कि निरीक्षण मण्डल के गठन के समय ही निरीक्षण मण्डल के सदस्य-सचिव/सदस्यों से उक्त तिथियों में निरीक्षण किए जाने हेतु अनुरोध किया जा सके।

सत्र 2024–25 में बिना सम्बद्धता के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी तथा ससमय सम्बद्धता प्राप्त न होने एवं प्रवेश प्रतिबन्धित होने की दशा में समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

(संजय कुमार)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उपरोक्त।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. माननीय कुलपति जी।
2. उप कुलसचिव-सम्बद्धता।
3. प्रभारी एजेन्सी को इस निर्देश से प्रेषित कि उक्त पत्र समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉग इन पर तथा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः मिर्जापुर रोड, नैनी, प्रयागराज, पिनकोड–211010 (उ0प्र0), फोनः 0532–2256207
Address : Mirzapur Road, Naini, Prayagraj, Pincode-211010 (U.P.) Ph. 0532-2256207

Scanned with OKEN Scanner